न्यायालय जिला कलक्टर, प्रतापगढ़

फर्द अहकाम

(नियम 36)

राज अदालत — जिला कलक्टर — मुकाम — प्रतापगढ़

बगदीराम S/o नारायण मेघवाल बनाम गोपीलाल S/o वरदीचन्द

केस्म मुकदमा — 255 RTA-1955 — नं. — 07 / सन् — 2022 — GCMS NO. —

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए।
04/08/22	अधिवक्ता श्री धर्मचन्द्र नागौरी द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी छोटीसादड़ी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 57/2018 अन्तर्गत धारा 251 (क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की सुनवाई अन्यत्र न्यायालय से कराए जाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध में संबधित न्यायालय को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र की प्रति के साथ टिप्पणी चाही गई। उक्त क्रम में न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, छोटीसादड़ी द्वारा जरिये पत्र क्रमांक :– कोर्ट/2022/127 दिनांक 15.07.2022 प्रस्तुत की गई जो शामील पत्रावली है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं प्राप्त जवाब प्रतिवेदन से जाहीर आया कि अधिनस्थ न्यायालय के समक्ष विचाराधीन प्रकरण आवश्यक प्रकृति का होकर नियत अवधि अन्तराल में निस्तारण योग्य रहा है । प्रकरण में संचालित कार्यवाही अन्तर्गत कोई अनियमितता अथवा पक्षपात दर्शित रिकार्ड नहीं पाया गया है। साथ ही प्रकरण अपीलीय प्रकृति का होने से सक्षम न्यायालय में चुनौति योग्य है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी अन्तरण अस्वीकार किया जाता है और अधिनस्थ न्यायालय को निर्देशित किया जाता है कि विचाराधीन प्रकरण को विधिसम्मत् निस्तारण करें। नकल आदेशिका प्रति अधिनस्थ न्यायालय एवं उभय पक्ष को उपलब्ध कराई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। जिला कलक्टर प्रतापगढ़ (राज.)	

जिला कलक्टर प्रतापगढ़